कार्तिक आर्यन और कियारा ने शुरू की भूल भुलैया 2 की शूटिंग

भूल-भुलैया के अगले पार्ट का इंतज़ार कर रहे फैन्स के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। जी हैं भूल-भुलैया 2 की शूटिंग शुरू हो चुकी है, जिसमें लीड रोल में नजर आएंगी कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम पर कियारा के साथ एक तस्वीर पोस्ट कर बताया है कि फिल्म भूल भुलैया 2 की शूटिंग शुरू हो चुकी है। वैसे तो यह एक नॉर्मल सी तस्वीर है, लेकिन जब आप इसे गौर से देखेंगे तो कुछ अजीब सा नजर आएगा। ध्यान से देखिए, इस पूरी तस्वीर में जहां कार्तिक और कियारा ने क्लैपर बोर्ड पकड़ रखा है, वहां उनके हाथ कुच अजीब से नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस बारे में कुछ बताया तो नहीं गया है, लेकिन साफ है कि अपनी पहली ही झलक से फिल्म अपने रहस्य का पिटारा खोलती नजर आ रही है। बता दें कि इस फ्रैंचाइज़ी की ऑरिजनल फिल्म में अक्षय कुमार नजर आए थे और फिल्म दर्शकों को काफी पसंद भी आई थी। अब इस फिल्म में उनकी जगह नजर आएंगे कार्तिक आर्यन और दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतज़ार है। वर्कफ्रंट की बात करें तो इस फिल्म के अलावा कार्तिक इम्तियाज अली की फिल्म लव आज कल 2 और पति पत्नी और वो में भी नजर आनेवाले हैं। भूल भुलैया 2 के अलावा कियारा अक्षय कुमार के साथ लक्ष्मी बम, गुड न्यूज में दिखाई देंगी।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बोल्ड अंदाज में जिम में पसीना बहा रही हैं अमीषा पटेल

बीते दिनों बिग बॉस के घर में ग्लैमर का तड़का लगाने पहुंचीं अमीषा पटेल एक बार फिर लाइम लाइट में आ गई हैं. इसके बाद से अमीषा सोशल मीडिया पर पहले से भी ज्यादा एक्टिव हो गई हैं. बीते कुछ दिनों से अमीषा सोशल मीडिया पर लगातार फिटनेस को लेकर वीडियो शेयर करती नजर आ रही हैं. अमीषा पटेल 43 साल की उम्र में काफी फिट हैं और वो लगातार अपने फैंस को भी फिटनेस के लिए जागरुक करती रहती हैं. ये वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, बुल्गारियन बैग्स..मैंने पहली बार इसे करने की कोशिश की है. अमीषा ने एक के बाद एक कई वीडियो शेयर की हैं. जिसमें वो एक्सरसाइज करते नजर आ रहे हैं. इस वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि एक नया दिन और एक एक्सरसाइज का एक नया सेशन.

इसके बाद अमीषा ने एक और वीडियो शेयर की. जिसमें वो वॉर्मअप करती नजर आ रही हैं.

सोशल मीडिया पर अमीषा पटेल बेहद स्टाइलिश अवतार में नजर आती हैं. बीते दिनों वो बिग बॉस 13 के घर में भी पहुंचीं थी. हालांकि फैंस की ओर से उन्हें बहुत ज्यादा पसंद नहीं किया.

जवानी जानेमन के साथ आलिया फर्नीचरवाला करेंगी अपनी शुरुआत, साइन कर चुकी हैं तीन फिल्में

बिग बॉस का हिस्सा रह चुकीं अभिनेत्री पूजा बेदी की बेटी अलिया जल्द फिल्मी करियर में अपना सफर शुरू करने वाली हैं. आलिया ने इस ओर अपने कदम बढ़ा लिए हैं और उन्होंने निर्माता जय शिवाकरमणि के बैनर नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के साथ तीन-फिल्मों का करार किया है. आलिया को उनकी पहली ही फिल्म में दो दिग्गजों का साथ मिलने वाला है, जी हां! प्रोडक्शन हाउस ने एक बयान में कहा कि इस युवा अभिनेत्री की पहली फिल्म सैफ अली खान और तब्बू के साथ जवानी जानेमन होगी. इस फिल्म के बारे में बात करें तो ऐसा बताया जा रहा है कि यह एक कामेडी फिल्म है. जिसकी कहानी में बताया जाएगा कि कैसे एक आदमी अपने जिंदगी की कड़वी सच्चाइयों का सामना करता है. आलिया फिल्म में सैफ अली खान की बेटी का किरदार निभाएंगी. फिल्म में आलिया को लेने को बारे में निर्माता शिवाकरमणि ने कहा, मैंने अपने मन की बात सुनी और आलिया को इस फिल्म में ले लिया. उनके साथ जवानी जानेमन में काम करने के बाद मुझे यह विश्वास हो गया कि आलिया अच्छे से जानती हैं कि उन्हें इस क्षेत्र में क्या करना है. फिल्म की रिलीज 29 नवंबर को होने वाली है.